पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह 27 को

राज्यपाल दिलायेंगे पद और गोपनीयता की शपथ

लखनऊः 22 जून, 2016

राजभवन लखनऊ के गांधी सभागार में सोमवार 27 जून, 2016 को पूर्वान्ह 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जायेगा, जिसमें प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक मंत्री पद की शपथ दिलायेंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव अपने मंत्रिमण्डल का विस्तार कर रहे हैं। इससे पहले राज्यपाल श्री राम नाईक ने 31 अक्टूबर, 2015 को हुए मंत्रिमण्डल विस्तार में 5 को मंत्री, 8 को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा 8 को राज्य मंत्री पद की शपथ दिलाई थी।

अंजुम/ललित/राजभवन (219/22)